कक्षा ५
हिंदी

# चिट्ठी का सफ़र

## चट्ठी-पत्री

**प्रश्न 1. गांधी जी को सिर्फ़ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?**

**उत्तर-** गांधी जी बहुत मशहूर व्यक्ति थे इसलिए उन तक उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र पहुँच गया होगा।

**प्रश्न 2. अगर एक पत्र में पत्ते के साथ किसी का नाम न  हो तो क्या पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा?**

**उत्तर-** हाँ, पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा।

**प्रश्न 3. नाम न होने से क्या समस्याएँ आ सकती है?**

**उत्तर-** नाम न होने से डाकिए को यह पता करने में थोड़ा मुश्किल होता है कि पत्र किसका है। और हो सकता है उस आदमी की जगह किसी और के हाथ में पत्र पहुँच जाए।

**प्रश्न 4. पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?**

**उत्तर-** पैदल हरकारों को हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था। उन्हें डाक की रक्षा भी करनी होती थी। डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बना रहता था।

**प्रश्न 5. अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे?**

**गली / मोहल्ले का नाम , घर का नंबर , राज्य का नाम , खंड का नाम , कस्बे / शहर / गाँव का नाम , जनपद का नाम नीचे दी गई जगह में लिखो।**

__________. __________. __________. __________. __________.

**तुमने इस क्रम में ही क्यों लिखा?**

**उत्तर-** 1.घर का नंबर

2. गली/मोहल्ले का नाम
3. खंड का नाम
4. कसबे/शहर/गाँव का नाम
5. जनपद का नाम
6. राज्य का नाम

हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा, क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से बड़ी भौगोलिक इकाई की तरफ बढ़ते हैं।

**प्रश्न 6. अपने घर पर कोई पुराना(या नया) पत्र ढूँढो। उसे देखकर नीचे लिखे प्रशो के जवाब लिखो-**

**(क) पत्र किसने लिखा?**

**(ख) किसे लिखा?**

**(ग) किस तारीख को लिखा?**

**(घ) यह पत्र किस डाकखानें में तथा किस तारीख को पहुँचा?**

**(ङ) यह उत्तर तुम्हें कैसे पता चला?**

**उत्तर-** **(क)** पत्र हमारी भीं ने लिखा।

(ख) पत्र हमारी मौसी के लिए लिखा।

(ग) यह पत्र 16 जून, 2022 को लिखा।

(घ) यह पत्र रोहिणी डाकखाने में 19 जुलाई, 2022 को पहुँचा।

**(ङ)** यह उत्तर हमें पत्र को देखकर पता चला।

**प्रश्न 7. चिट्ठी भेजने के लिए आमतौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफ़ाफ़ा इस्तेमाल किया जाता है। डाकघर जाकर इनका मूल्य पता करके लिखो-**

**पोस्टकार्ड** __________ **अंतर्देशीय पत्र** __________ **लिफ़ाफ़ा** __________

**उत्तर-** पोस्टकार्ड का मूल्य ₹5 है। अंतर्देशीय पत्र का मूल्य ₹12 है। लिफ़ाफ़ा का मूल्य ₹4 है।

**प्रश्न 8. डाकटिकट इकट्ठा करो। एक रूपये से लेकर दस रूपये तक के डाकटिकटों को क्रम में लगाकर कॉपी पर चिपकाओ। इकट्ठा किए गए डाकटिकट पर अपने साथियों के साथ चर्चा करो।**

**उत्तर-** छात्र डाकटिकट इकट्ठे कर स्वयं चिपकाए|

## शब्दकोश

**नीचे शब्दकोश का एक अंश दिया गया है जिसमें 'संचार' शब्द का अर्थ भी दिया गया है।**

**संज्ञीतज्ञ** – संगीत जानने वाला, संगीत की कला में निपुण।

**संग्रह** – पु. 1. जमा करना, इकट्ठा करना, एकत्र करना, संचय। प्र. दीपक आजकल पक्षियों के पंखों का संग्रह करने में लगा है। 2. इकट्ठी की हुई चीज़ों का समूह या ढेर, संकलन; जैसे- टिकट-संग्रह, निबंध-संग्रह।

**संचार** – पु. 1. किसी संदेश को दूर तक या बहुत-से लोगों तक पहुँचाने की क्रिया या प्रणाली, कम्यूनिकेशन। उ. टेलीफ़ोन, टेलीविज़न, सेटेलाइट आदि संचार के माध्यमों से दुनिया आज छोटी हो गई है। 2. किसी चीज़ का प्रवाह, चलना, फैलना; जैसे-शरीर में रक्त का संचार, विद्युत का संचार।

**(क) बताओ की कौन-सा अर्थ पाठ के संदर्भ में ठीक है।**

**उत्तर-** किसी संदेश को दूर तक या बहुत-से लोगो तक पहुँचाने की क्रिया या प्रणाली, कम्युनिकेशन| पाठ के संदर्भ मे ठीक है।

**(ख) इन पन्ने को दयां से देखो और बताओ के शब्दकोश म दिए गए शब्दो के साथ क्या-क्या जानकारी दी गई होती है?**

**उत्तर-** शब्दकोश में दिए गए सब्दो के साथ उसका अर्थ, वाक्य प्रयोग, लिंग, वचन, पुरुष आदि व्याकरण जानने वाले भागों की जानकारी दी गई होती है।